epaper
हिन्दुस्तान

जेनरिक दवाओं पर ज्यादा ध्यान दें कंपनियां: गोयल

16/04/2022

मुंबई, एजेंसी। केंद्रीय उद्योग एवं व्यापार मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को घरेलू दवा उद्योग से जेनेरिक औषधियों में खुद को मजबूत बनाने और दवाओं के कच्चे माल एवं उत्पादन के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने को कहा।

जेनेरिक दवाओं से आशय वैसी आषधियों से हैं, जिसका पेटेंट समाप्त होने के बाद मूल कंपनी के अलावा अन्य कंपनियों को उसे बनाने की अनुमति होती है और अपेक्षाकृत सस्ती होती हैं। गोयल ने भारतीय दवा विनिर्माता संघ के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि फार्मा उद्योग को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी चुनौतियां का सामना करने के लिए एक दीर्घकालिक योजना बनाकर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में देखी गई जबरदस्त वृद्धि को आगे भी बनाए रखना चाहिए ताकि हम आत्म-निर्भर बन सकें। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के बारे में कुछ पूर्वानुमान लगा पाना लगातार मुश्किल होता जा रहा है।